<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02.10.2023 (सवेरे– 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आज, राष्ट्र कर रहा नमन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि।
- आज से सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण होगा शुरू, पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ 31 तारीख तक रहेगा जारी ।
- लगातार हो रही बारिश से राज्य में जनजीवन प्रभावित, वज्रपात, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में 8 लोगों की हुई मौत।
- एशियन गेम्स में भारत ने रचा इतिहास, कल 8 वें दिन एक दिन में 15 पदक जीतने का बनाया रिकॉर्ड, आज दो और पदक जीते।

***************

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश और विदेशों में भारतीय मिशनों द्वारा समारोहों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। दिल्ली के राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पर बापू और विजय घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की । राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जीवन भर न केवल अहिंसा के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों का मुद्दा भी उठाया इसके साथ ही अस्पृश्यता, सामाजिक भेदभाव और निरक्षरता के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी। अपने संदेश में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में मार्गदर्शक थे। श्री धनखड़ ने लोगों से उनके नक्शेकदम पर चलने और राष्ट्र की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे के महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को बनाए रखने का प्रयास करने का संकल्प लेने को कहा।

***************

स्वच्छता को केन्द्र में रखकर और पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ आज से सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण शुरू होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हो रहा यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो स्वच्छता अभियानों के दौरान लगभग 90 लाख वर्ग फुट प्रधान कार्यालय स्थान को साफ किया गया है और उत्पादक उपयोग में लाया गया है। इसके अलावा, सरकार को रद्दी के निपटान से 370 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व भी प्राप्त हुआ और चार लाख 56 हजार लोक शिकायतों का निवारण किया गया।

***************

पलामू जिले में स्वयंसेवी संस्थाओं, राजनीतिक दलों और नगर निगम की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

रांची समेत राज्यभर में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। इस दौरान वज्रपात, डूबने और दीवार गिरने से दबने की घटना में अलग– अलग जगहों पर 8 लोगों की मौत हो गई है। बारिश के साथ वज्रपात से जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में कल चंदाडीह– लखनपुर गांव के समीप मैदान में तंबू लगाकर रह रहे एक ही परिवार की एक महिला सहित तीन बच्चों की मौत हो गई। ये परिवार खानाबदोश है जो कुछ दिनों पूर्व यहां आकर रह रहा था। इधर बोकारो जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का हाल और भी बुरा है। दर्जनों कच्चे घर ढह गए हैं। चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबनी गांव में एक कच्चे घर की दीवार गिर गई। इस हादसे में मिट्टी के मलबे में दब कर एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं पलामू के नौडीहा में तालाब में डूबने से दो बहनों की मौत हो गई है। रांची में भी एक युवक की नाले में बह जाने से मौत हो गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

***************

देवघर में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप फेडरेशन न्यू दिल्ली सह फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की एक दिवसीय डीलर प्रतिनिधि की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सरकार से 8 सूत्री मांग की गई। मांग नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की घोषणा की गई है। इसके तहत 30 अक्टूबर को पटना के गर्दनीबाग में और 6 नवंबर को रांची में धरना का कार्यक्रम और 11 जनवरी 2024 को दिल्ली के रामलीला मैदान से जुलूस निकालने की घोषणा बैठक में की गई।

***************

देवघर के कमेठा, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पांच अक्टूबर से आयोजित होने वाली 17 वीं राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए सरायकेला खरसावां जिला एथलेटिक्स टीम की 38 खिलाड़ियों 5 कोच और मैंनेजर के नाम की घोषणा की गई है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सिकन्दर महतो ने इसकी जानकारी दी है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

***************

चीन के हांगचोओ में 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज दो और पदक अपने नाम किया। कल शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। भारत ने एथलेटिक्स में नौ, गोल्फ में एक, निशानेबाजी में तीन बैडमिंटन और मुक्केबाजी में एक–एक पदक हासिल किया। ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धाओं में भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अविनाश साबले ने पुरुषों की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया तो वहीं, तेजिंदरपाल सिंह तूर ने गोला फेक में स्वर्ण पदक जीता। भारत अबतक 55 पदक जीतकर चौथे स्थान पर बना हुआ है।

***************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के सभी प्रमुख अखबारों ने बारिश से बढ़े संकट और नदी नालों के उफान की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके साथ एशियन गेम्स में भारत के शानदार प्रदर्शन की खबर भी सुर्खियों में हैं।

प्रभात खबर की सुर्खी है– हातमा में युवक नाले में बहा, एनएच – 75 पर मुरगू के पास टूटा डायवर्सन, रांची – कुडू– पलामू मार्ग डायवर्ट।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – रांची समेत प्रदेश में आफत की बारिश, सात की मौत।

दैनिक जागरण ने लिखा है – एशियन गेम्स में भारत ने लगाया पदकों का अर्धशतक।

स्टीपलचेज में पहली बार भारत को गोल्ड, फोटो स्टोरी के साथ दैनिक भास्कर ने इसे अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********************